**खबर संक्षेप**

## अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, डंपर जब्त

**मण्डला।** प्राप्त शिकायतों के आधार पर 23 जून को नैनपुर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान अवैध रेत परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त एक डंपर वाहन क्रमांक एमपी 22 एच 3978 को खनिज विभाग की टीम द्वारा जब्त किया गया। प्रभारी अधिकारी (खनिज) ने बताया कि जब्त वाहन को शासकीय अभिरक्षा में रखते हुए संबंधित थाना/चौकी नैनपुर की सुपुर्दगी में दिया गया है। मामले में ''मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022'' के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई खनिज निरीक्षक एवं खनिज अमले द्वारा की गई।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन/संशोधन की अंतिम तिथि 30 जून

**मण्डला।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) मंडला द्वारा युवाओं के लिए प्रवेश संबंधी महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। संस्था ने बताया है कि समस्त शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीवीटी/एससीवीटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीयन एवं पंजीयन में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थियों के पास आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए अब केवल कुछ ही दिन शेष हैं। संस्था ने युवाओं से अपील की है कि जो विद्यार्थी आईटीआई में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे विभागीय डीएसडी पोर्टल अथवा अपने निकटतम आईटीआई से संपर्क कर समय रहते पंजीयन कराएं।

### महान वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान राष्ट्र गौरव और नारी शक्ति का अमर प्रतीक

# रेवांचल पार्क में मंत्री एवं सांसद ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

*** रानी दुर्गावती दूरदर्शी एवं जनकल्याणकारी शासक थी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




महान वीरांगना एवं गोंडवाना साम्राज्य की गौरवशाली शासिका रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर बुधवार को मंडला स्थित रेवांचल पार्क में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके अद्वितीय शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन साहस, स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और संघर्षशीलता की अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने मातृभूमि, संस्कृति और गोंडवाना की अस्मिता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देकर इतिहास में अमर स्थान प्राप्त किया। उनका जीवन आज भी महिलाओं को आत्मसम्मान, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। 24 जून 1564 का वह दिन इतिहास में दर्ज है जब वीरांगना रानी दुर्गावती ने भारतीय नारी के स्वाभिमान को बचाने और मुगल आक्रांताओं के सामने आत्म समर्पण के स्थान पर वीरगति को चुना। भारत माँ की यह पुण्य भूमि ऐसी वीरांगनाओं की वीर गाथा की साक्षी है। आज हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

श्रीमती उइके ने कहा कि रानी दुर्गावती केवल एक वीर योद्धा ही नहीं थीं, बल्कि दूरदर्शी एवं जनकल्याणकारी शासक भी थीं। उनका त्याग, पराक्रम और कर्तव्यनिष्ठा आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित रहने का संदेश देती रहेगी।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने उद्बोधन में कहा कि रानी दुर्गावती का बलिदान भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व क्षमता से न केवल अपने राज्य की रक्षा की, बल्कि सुशासन, जनकल्याण और जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी अनुकरणीय कार्य किए। उनका जीवन हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्रीय गौरव की रक्षा के लिए सदैव सजग रहने की प्रेरणा देता है।




कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम एवं नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने भी वीरांगना रानी दुर्गावती के अदम्य साहस एवं शौर्य की गाथा का उल्लेख किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी प्रफुल्ल मिश्रा, जयदत्त झा, सरपंच टिकरवारा श्रीमती श्रद्धा कवरेती, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय एवं आभार प्रदर्शन सीएमओ गजानन नाफड़े द्वारा किया गया।

# बेसहारा एवं बाल भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों के परिवारों की प्रोफाइल तैयार करें-कलेक्टर



*** बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में बच्चों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने पर दिया जोर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास एवं कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने निर्देशित किया कि समिति के समक्ष आने वाले सभी बेसहारा, निराश्रित एवं बाल भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों के परिवारों की विस्तृत प्रोफाइल तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित परिवारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना सुनिश्चित किया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर अवसर मिल सकें और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

कलेक्टर श्री धोटे ने नगर में संचालित बाल गृहों के नियमित निरीक्षण पर विशेष बल देते हुए कहा कि वहाँ निवासरत बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं समग्र विकास से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने बच्चों के लिए सुरक्षित एवं संवेदनशील वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में उप संचालक सामाजिक न्याय रोहित बड़कुल ने मिशन वात्सल्य के अंतर्गत संचालित जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की गतिविधियों एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल संरक्षण और टीनएज प्रेग्नेंसी जैसी समस्याएं सामाजिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील विषय हैं। इनकी रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित एवं गंभीर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके सुरक्षित भविष्य के लिए समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानन नाफड़े, जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र गुप्ता, जिला किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य डॉ. रेखा चौरसिया एवं डॉ. सरिता अग्निहोत्री सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला चिकित्सालय मंडला में पहली बार हुई जटिल कूल्हे की सफल सर्जरी

*** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को मिला जिले में ही उन्नत उपचार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



**मंडला जिला चिकित्सालय ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार अत्यंत जटिल एसीटाबुलम (कूल्हे के जोड़) फ्रेक्चर एवं हिप डिसलोकेशन की सफल सर्जरी कर एक युवा मरीज को नया जीवन देने का कार्य किया है।**

मंडला जिले के 21 वर्षीय करण बंजारा 16 जून को एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्रारंभिक उपचार के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल जिला चिकित्सालय मंडला रेफर किया गया। जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई जांच में पाया गया कि करण के कूल्हे के जोड़ (एसीटाबुलम) की पोस्टेरियर वॉल में गंभीर फ्रैक्चर था तथा हिप जॉइंट का पोस्टेरियर डिसलोकेशन भी हो गया था। यह अत्यंत जटिल और चुनौतीपूर्ण चोट मानी जाती है, जिसके उपचार के लिए सामान्यतः मरीजों को बड़े शहरों के सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में भेजना पड़ता है।

दुर्घटना के बाद करण और उनके परिजन उपचार को लेकर चिंतित थे। उन्हें आशंका थी कि बेहतर इलाज के लिए जिले से बाहर जाना पड़ेगा, जिससे आर्थिक और मानसिक परेशानियाँ बढ़ सकती थीं। ऐसे समय में जिला चिकित्सालय मंडला के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्थानीय स्तर पर ही जटिल सर्जरी करने का निर्णय लिया।

अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. हेमेन्द्र चौहान, डॉ. अनिल करपेटी एवं डॉ. अविनाश खरे की टीम ने निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण उइके एवं डॉ. सोनम चौरसिया के सहयोग से सफलतापूर्वक ऑपरेशन संपन्न किया। तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण इस सर्जरी में टूटे हुए हड्डी के हिस्सों को उनकी मूल स्थिति में स्थापित कर कूल्हे के जोड़ की स्थिरता बहाल की गई।

सफल ऑपरेशन के बाद करण का स्वास्थ्य लगातार बेहतर हो रहा है और वह तेजी से सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं। करण एवं उनके परिजनों ने जिला चिकित्सालय मंडला की पूरी चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने ही जिले में उच्च स्तरीय उपचार मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

यह सफलता केवल एक मरीज के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि मंडला जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ती विशेषज्ञता, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और चिकित्सकों की दक्षता का भी प्रतीक है।

## बसपा का सामाजिक न्याय दिवस व विचार संगोष्ठी संपन्न




**निवास।** जबलपुर के मानस भवन में आयोजित उक्त कार्यक्रम में अनेकों जिलों के बसपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भव्यता से सामाजिक न्याय दिवस मनाया और अतिथियों ने कार्यकर्ताओं से न्याय चर्चा करते हुये संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना रानी दुर्गावती जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को याद करते हुये कहा कि जब कभी देश की आन बान और शान पर संकट आये हम देश की खातिर बलिदान होने से पीछे न हटें। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कोऑर्डिनेटर व पूर्व सांसद बसपा राजाराम, विशिष्ट अतिथि व प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल,एडवोकेट दिलीप बौद्ध प्रदेश प्रभारी मप्र, पी एस मंडेलिया जोन प्रभारी रीवा,बालकिशन चौधरी पूर्व प्रदेश प्रभारी मप्र, एडवोकेट लखन अहिरवार जिलाध्यक्ष जबलपुर सहित मंडला जिले की बसपा कार्यकारिणी के नेताओं की भी उपस्थित रही जिसमें मंडला जिला प्रभारी इंदर सिंह उईके, जिलाध्यक्ष आर के चौधरी, वरिष्ठ बसपा नेता सुरेंद्र चौधरी, राम कुमार हरदहा, अभिषेक भांडे सहित अन्य बसपा कार्यकर्ता शामिल हुये।

**अभियान** | **साइबर ठगी से बचाव के लिए जिलेभर में चलेगा जागरूकता अभियान।**

# मंडला पुलिस ने शुरू किया 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान

*** रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर हुआ शुभारंभ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंडला पुलिस ने "सेफ क्लिक साइबर जागरूकता अभियान-2026" का शुभारंभ किया। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में संचालित यह अभियान 24 जून से 8 जुलाई 2026 तक जिलेभर में चलाया जाएगा।

अभियान का शुभारंभ महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती के 462वें बलिदान दिवस के अवसर पर रपटा घाट स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके द्वारा पुलिस मुख्यालय से प्राप्त टैबलेट विभिन्न थानों में पदस्थ विवेचकों को वितरित किए गए। इसके पश्चात मंत्री, सांसद, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से 'सेफ क्लिक' साइबर जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली और नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन, हेल्पलाइन 1930 तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के संबंध में जागरूक किया गया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य रुको, सोचो, फिर कार्रवाई करो रखा गया है। इसके माध्यम से लोगों को ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों जैसे फर्जी केवाईसी अपडेट, डिजिटल अरेस्ट, निवेश एवं लोन ठगी, फर्जी कस्टमर केयर कॉल, यूपीआई कलेक्ट रिक्वेस्ट, क्यूआर कोड स्कैम, सोशल मीडिया फ्रॉड और संदिग्ध लिंक के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी ने जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि साइबर सुरक्षा से जुड़े संदेशों को माइक्रोबीट स्तर तक पहुंचाया जाए तथा स्थानीय स्तर पर सामने आ रहे साइबर अपराधों के तरीकों के बारे में लोगों को विशेष रूप से जागरूक किया जाए। उन्होंने बिछिया एवं निवास क्षेत्र में सरकारी योजनाओं, डिलीवरी भुगतान और फर्जी क्रेडिट मैसेज के नाम पर हो रही ठगी के प्रति विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

अभियान के अंतर्गत नैनपुर, मोहगांव, घुघरी, पिंडरई, हिरदेनगर, अंजनिया सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों, महिलाओं, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा के उपायों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

मंडला पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपना ओटीपी, पासवर्ड, बैंक खाते की जानकारी अथवा अन्य गोपनीय विवरण किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन 1930, राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल अथवा निकटतम पुलिस थाने से संपर्क करें।

सेफ क्लिक 2.0 अभियान के माध्यम से मंडला पुलिस डिजिटल सुरक्षा को जन आंदोलन का स्वरूप देने और प्रत्येक नागरिक को साइबर अपराधों के प्रति सजग एवं सुरक्षित बनाने का प्रयास कर रही है।

## छह माह से अनुपस्थित प्रभारी प्राचार्य, वित्तीय कार्य ठप

*** प्रभारी प्राचार्य ने सहायक आयुक्त और डीईओ को लिखा पत्र, वित्तीय अधिकार हस्तांतरण की मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




एकीकृत हाईस्कूल पटपरा रैयत में प्रशासनिक एवं वित्तीय व्यवस्था को लेकर गंभीर स्थिति सामने आई है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग तथा जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर विद्यालय संचालन में आ रही कठिनाइयों से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के आदेश दिनांक 29 दिसंबर 2025 के तहत व्याख्याता तीरथ प्रसाद सोनी को हाईस्कूल मलारा का प्रभार सौंपा गया था। इसके उपरांत उन्होंने 11 फरवरी 2026 को हाईस्कूल पटपरा रैयत के वरिष्ठ शिक्षक भानूप्रताप मरावी को सामान्य प्रशासनिक प्रभार प्रदान किया, जबकि वित्तीय प्रभार स्वयं के पास सुरक्षित रखा।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार तीरथ प्रसाद सोनी 30 दिसंबर 2025 से 19 जून 2026 तक संस्था में उपस्थित नहीं हुए हैं। इसके बावजूद वित्तीय प्रभार उनके पास होने से विद्यालय के विभिन्न भुगतान, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा अन्य आवश्यक वित्तीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे विद्यालय संचालन में लगातार कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं।

इस संबंध में विद्यालय द्वारा 28 अप्रैल 2026 को विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया गया था। वहीं 9 जून 2026 को अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से भी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

विद्यालय प्रबंधन ने मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए वित्तीय प्रभार के संबंध में शीघ्र निर्णय लिया जाए, ताकि विद्यालय की प्रशासनिक एवं वित्तीय व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

वहीं ग्राम पंचायत स्तर पर भी इस मामले को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि तीरथ प्रसाद सोनी की मूल पदस्थापना उत्कृष्ट विद्यालय घुघरी में है तथा वर्ष 2019 में उनका अटैचमेंट हाईस्कूल पटपरा रैयत में कराया गया था। पंचायत का आरोप है कि विद्यालय संचालन में कथित लापरवाही को लेकर उनके विरुद्ध शिकायतें भी की गई थीं। इसके बावजूद उन्हें हटाने के बजाय हाईस्कूल मलारा का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया।

पंचायत प्रतिनिधियों का यह भी आरोप है कि आज दिनांक तक वित्तीय प्रभार का हस्तांतरण नहीं किया गया है, जिससे विद्यालय के आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

अब देखना यह होगा कि जनजातीय कार्य विभाग इस मामले में क्या कदम उठाता है और विद्यालय की प्रशासनिक एवं वित्तीय व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कब तक कोई प्रभावी निर्णय लिया जाता है।

### खबर संक्षेप



## नर्मदांचल गौ सेवा समिति के बीआरसी का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**डिंडौरी।** जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित गतिविधियों के अंतर्गत नर्मदांचल गौ सेवा समितिए ढोंढ़ा स्थित बायो रिसोर्स सेंटर ;बीआरसीद्ध का कृषि विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र में संचालित विभिन्न जैविक कृषि गतिविधियोंए गौ.आधारित उत्पाद निर्माणए जैविक खाद उत्पादन एवं किसानों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्र में तैयार किए जा रहे जैविक उत्पादों की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा किसानों को रासायनिक खेती के विकल्प के रूप में जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती न केवल मानव स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैए बल्कि मिट्टी की उर्वरा क्षमता को बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अधिकारियों ने बीआरसी परिसर में संचालित वर्मी कम्पोस्टए जीवामृतए घनजीवामृत सहित अन्य जैविक कृषि तकनीकों का निरीक्षण करते हुए इनके व्यापक प्रचार.प्रसार की आवश्यकता बताई। साथ ही किसानों को जैविक खेती से जोड़ने और उनकी आय में वृद्धि के लिए विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश

## रेलवे मजदूर कांग्रेस की द्वितीय नान पेमेंट मीटिंग सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** एकल मान्यता प्राप्त रेल संगठन साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस की इस वर्ष की द्वितीय नान पेमेंट मीटिंग 23 जून को कार्मिक विभाग बिलासपुर बैडक हाल में सम्पन्न हुई, यह बैठक वरीष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी बिलासपुर डां अंशुमन मिश्रा के निर्देश के तहत मंडल कार्मिक अधिकारी बिलासपुर युएस राव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बैठक में सहायक कार्मिक अधिकारी बिलासपुर भास्कर गुहा, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक सुमित्रा पाल, कार्मिक विभाग सम्बंधित बिल कर्लक मौजूद रहे, बैठक व्यवस्था पीएनएम सेल के कार्यालय अधीक्षक रमना मूर्ति ने किया। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व में मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री शुभम उपाध्याय, डीओबी शाखा सचिव राना नंदी, सहायक सचिव रनिंग इरफान खान ने बिलासपुर मंडल के रेल कर्मचारियों के वेतन संबन्धित समस्याओं परूव लिखित ऐजेंडा पर चर्चा कर रेल कर्मचारी की समस्यायों का निराकरण किया। ब्रजराजनगर जितेन्द्र कुमार, बैकुंठपुर अरविंद कुमार के गेट एलाउंस जारी करने का आदेश हुआ, विश्रामपुर के हियाहरन सिंह के ओवर पेमेंट पर चर्चा, रायगढ़ के जुगताराम यादव का रिस्क एलाउंस मिलेगा, अनूपपुर के आयुष, रविकांत राय, रंजीत कुमार, अमित कुमार, राजेन्द्र राठौर के समस्याओं पर चर्चा हुई, अकलतरा के ट्रैक मेंटेनर को ओटी दिए जाने, उमरिया के अतुल कुमार गुप्ता अवकाश नगरीकरण केश पर चर्चा हुई।

### नशामुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

# 1 जुलाई से चलेगा विशेष जन जागरूकता अभियान

**डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले में नशामुक्ति अभियान के प्रभावी संचालन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के अवसर पर जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जागरूकता रैलियां निकालकर नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 1 जुलाई से जिलेभर में नशामुक्ति अभियान का व्यापक स्तर पर संचालन किया जाएगाए जिसमें सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय सहभागिता निभाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान से संबंधित रैलियों एवं कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किए जाएंगे।बैठक में जानकारी दी गई कि 15 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रैलीए रंगोलीए वॉल पेंटिंगए संगोष्ठी एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से



विद्यार्थियों और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा।कलेक्टर के निर्देशानुसार आगामी रविवार को नर्मदा डेम घाट पर विशेष नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में साइबर सुरक्षा विषय पर चर्चा करते हुए सभी स्कूलों एवं कॉलेजों में अलग.अलग तिथियों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गएए ताकि विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी मिल सके। बैठक में पॉक्सो एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उससे संबंधित जनजागरूकता गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। साथ ही विस्फोटक अधिनियम के तहत छोटी दुकानों एवं घरों में अवैध रूप से रखे गए विस्फोटक पदार्थों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।कलेक्टर ने आबकारी विभाग को गांवों एवं नगरों में अवैध रूप से शराब विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा नियमित जांच अभियान संचालित करने के निर्देश दिए।बैठक में पुलिस अधीक्षक आशीष खरेए जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरीए अपर कलेक्टर जेण्पीण यादवए डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिकए एसडीओपी सतीश द्विवेदीए प्रियांशी जैनए तहसीलदार शशांक शिंडेए यातायात निरीक्षक सुभाष उइकेए जनजातीय कार्य विभाग के राजेन्द्र जाटवए महिला एवं बाल विकास विभाग के श्याम सिंगौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## साइबर अपराधों से बचाव के लिए जिले में सेफ क्लिक 2026 अभियान का शुभारंभ



**डिंडौरी।** साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशव्यापी स्तर पर संचालित ष्सेफ क्लिक.2026ष अभियान का शुभारंभ बुधवार को जिला मुख्यालय डिंडौरी में किया गया। यह राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान 24 जून से 8 जुलाई 2026 तक चलाया जाएगा।पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा यूट्यूब वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। इसी क्रम में डिंडौरी जिले में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया एवं पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की।

इस अवसर पर अधिकारियों ने नागरिकों से साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की अपील करते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ीए फर्जी लिंकए फिशिंगए डिजिटल अरेस्टए ओटीपी फ्रॉड तथा बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने का संदेश दिया। साथ ही सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने तथा साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम में वर्तमान समय में प्रचलित विभिन्न साइबर अपराधों जैसे डिजिटल अरेस्ट फ्रॉडए फर्जी पुलिस या जांच एजेंसियों के नाम पर ठगीए केवाईसी अपडेट फ्रॉडए फर्जी लोन एवं निवेश योजनाएंए टेलीग्राम.व्हाट्सएप टास्क फ्रॉडए ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉडए कस्टमर केयर फ्रॉडए सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंगए मैट्रिमोनियल फ्रॉडए सेक्सटॉर्शन तथा क्यूआर कोड स्कैन के जरिए होने वाली धोखाधड़ी के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया।अभियान के तहत जिले के शैक्षणिक संस्थानोंए बाजारोंए ग्राम पंचायतों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा साइबर अपराधों की रोकथाम में जनसहभागिता सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेखा धर्मेन्द्र सिंहए एसडीओपी सतीश द्विवेदी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विकासखंड बजाग में सिकल सेल योद्धाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



**बजाग।** आकांक्षी विकासखंड बजाग में सिकल सेल एनीमिया से प्रभावित जनजातीय परिवारों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग में सिकल सेल पीयर सपोर्ट ग्रुप की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 19 सिकल सेल योद्धाओं ने सहभागिता कीए जिनमें अधिकांश 15 वर्ष से कम आयु के बैगा एवं गोंड जनजातीय परिवारों के बच्चे शामिल थे।बैठक का मुख्य उद्देश्य सिकल सेल रोग से प्रभावित मरीजों को बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें समय पर उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना था। इस दौरान गंभीर संक्रमण की आशंका वाले दो सिकल सेल योद्धाओं को सुरक्षा के लिए पीसीवी.13 एवं पीपीएसवी.23 टीके लगाए गए।चिकित्सा अधिकारी डॉण विपिन राजपूत ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। उन्होंने सिकल सेल रोगए निर्जलीकरण के कारणों तथा उससे होने वाले स्वास्थ्य दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए जनजातीय क्षेत्रों में पानी एवं पोषण संबंधी चुनौतियों के मद्देनजर बचाव के उपाय भी बताए। साथ ही सभी प्रतिभागियों की आवश्यकता अनुसार सीबीसीए हीमोग्लोबिन एवं वजन की जांच कराई गई।कार्यक्रम में डॉण विपिन राजपूतए बीपीएम लल्ला जीए सीएचओ निशा रावटेए सीएचओ राखी सगीताए एएनएम एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मरीजों एवं उनके परिजनों को सिकल सेल रोग के प्रबंधनए सावधानियों और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी। बैठक का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति बजाग एवं जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी के संयुक्त सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की सफलता में काउंसलर ईश्वर मोहले एवं अजीत परस्ते की महत्वपूर्ण भूमिका रही।इस अवसर पर डॉण विकास जैनए एबीएफ नीति आयोग ने बताया कि बजाग को नीति आयोग द्वारा आकांक्षी विकासखंड घोषित किया गया है। क्षेत्र में बैगा जनजाति की बड़ी आबादी निवास करती हैए जहां सिकल सेल एनीमिया की समस्या अपेक्षाकृत अधिक है। उन्होंने कहा कि पीयर सपोर्ट ग्रुप की नियमित बैठकों के माध्यम से प्रभावित परिवारों को जागरूक कर उन्हें उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। यह पहल जनजातीय बच्चों के स्वस्थए सुरक्षित और बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## राजदीप यादव ने हासिल की अंग्रेजी साहित्य में पीएचडी की उपाधि



**शहपुरा।** शिक्षा के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत युवा शिक्षाविद् डॉ. राजदीप यादव को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालयए रीवा द्वारा अंग्रेजी साहित्य विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनकी इस सफलता से शिक्षा जगतए विश्वविद्यालय परिवार तथा जिले में हर्ष और गौरव का माहौल है।डॉण राजदीप यादव पिछले 10 वर्षों से मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में अपनी शैक्षणिक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने अपने समर्पणए अध्ययनशीलता और शोध के प्रति प्रतिबद्धता के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।डॉ. यादव उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रतिष्ठित शिक्षाविद् प्रोफेसर आशकुमार यादव के सुपुत्र हैं। उन्होंने अपना शोध कार्य पंडित एसएन शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल के कुलसचिव एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रोफेसर आशीष तिवारी के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया।

इस शोध में उन्होंने समकालीन भारतीय अंग्रेजी साहित्य के प्रमुख और लोकप्रिय लेखक अमिश त्रिपाठी के उपन्यासों का आलोचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया है। शोध के दौरान उनके उपन्यासों में वर्णित भारतीय संस्कृति पौराणिक परंपराओंए सामाजिक मूल्यों तथा दार्शनिक विचारों का गहन विश्लेषण किया गया है। शोध प्रबंध में यह दर्शाया गया है कि अमिश त्रिपाठी ने किस प्रकार भारतीय मिथकों और परंपराओं को आधुनिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत कर नई पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया है। डॉ. राजदीप यादव का यह शोध समकालीन भारतीय अंग्रेजी साहित्य के अध्ययन में महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है।पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहे डॉण राजदीप यादव की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवारए उच्च शिक्षा विभाग के प्राध्यापकोंए शिक्षाविदोंए परिजनोंए मित्रों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और शैक्षणिक जीवन में निरंतर सफलता की कामना की है। डॉ. राजदीप यादव की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बन गई है। यह सफलता युवा शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैए जो उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सपना देखते हैं।



## 28 से 30 जून तक जिले में चलेगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

**डिंडौरी।** जिले में 28 से 30 जून 2026 तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का संचालन किया जाएगा। अभियान के तहत जन्म से लेकर 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। अभियान की तैयारियों एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति ;डीटीएफद्ध की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को महिला एवं बाल विकासए शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पाण्डेय ने बताया कि भारत वर्ष 2014 में पोलियो मुक्त देश घोषित किया जा चुका हैए लेकिन पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो वायरस मौजूद है। ऐसे में बच्चों को नियमित रूप से पोलियो की खुराक पिलाना आवश्यक हैए ताकि देश की पोलियो मुक्त स्थिति बरकरार रहे।जिला टीकाकरण अधिकारी डॉण आरण्केण डहेरिया ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जिले के सभी विकासखंडों में टीकाकरण दलों का गठन एवं प्रशिक्षण किया जा रहा है। जिलेभर में कुल 901 टीमों का गठन किया गया है। 28 जून को बूथ स्तर पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगीए जबकि 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य दल घर.घर पहुंचकर बच्चों को खुराक देंगे।अभियान के अंतर्गत जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 86 हजार 224 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पाण्डेय ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं और उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने में सहयोग करें।

## साइबर अपराधों से बचाव के लिए पुलिस बल हुआ जागरूक

**शहपुरा।** साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेशभर में संचालित ष्सेफ क्लिक 20०८ अभियान का डिंडौरी जिले में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया एवं पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों को साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी देगा।अभियान के तहत जिलेभर में विभिन्न साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहपुरा थाना परिसर में साइबर सुरक्षा विषयक लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी अनुराग जामदार की मौजूदगी में बिछिया चौकी प्रभारी राजेशधर दुबे सहित शहपुरा थाना एवं बिछिया चौकी के पुलिस अधिकारियों और जवानों ने



प्रसारण को ध्यानपूर्वक सुना।लाइव प्रसारण के दौरान विशेषज्ञों ने साइबर अपराधों के नए तरीकोंए ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों तथा उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि साइबर अपराधी फर्जी कॉलए मैसेजए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मए ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट और बैंकिंग ऐप्स के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को सतर्क एवं जागरूक रहने की आवश्यकता है।पुलिस जवानों को सलाह दी गई कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारीए एटीएम कार्ड नंबरए सीवीवीए ओटीपी अथवा पासवर्ड साझा न करें। साथ ही सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले उनकी सत्यता की जांच करें और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। मजबूत पासवर्ड के उपयोगए समय.समय पर उसे बदलने तथा टू.फैक्टर ऑथेंटिकेशन अपनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवाओं को सोशल मीडियाए ऑनलाइन गेमिंगए फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइटए डिजिटल अरेस्टए साइबर ब्लैकमेलिंग तथा ऑनलाइन फ्रॉड जैसे अपराधों के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया गया।

### ग्राम पंचायत अमगवां में स्थायी निरंतर लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के प्रधान जलिा एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल के आदेशानुसार ग्राम पंचायत अमगवां में स्थायी निरंतर लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ग्राम पंचायत अमगवां में स्थायी निरंतर लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

## जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न



**शहपुरा।** स्कूल चले हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद पूर्व माध्यमिक शाला शहपुरा एवं अंग्रेजी माध्यम आश्रम शाला शहपुरा में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी अग्रवालए सेवानिवृत्त राम साहूए प्रतिभा मिश्रा ;बीएसी सदस्यद्धए रेखा गौलियाए अश्वनी साहूए शिक्षिका चंद्ररेखा श्रीवास्तवए यशोदा साहूए शीतल रायए अंशुल सोनीए एसएमसी अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने संकल्प लिया कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और शिक्षा के इस महाअभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई जाए। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## खबर संक्षेप

### संत रविदास जयंती का आयोजन कल

**नरसिंहपुर।** रविदास समाज द्वारा मिलन एवं सम्मान का आयोजन स्थानीय सदर मढ़िया प्रांगण पर स्थित तुलसी मानस भवन में मनाया जावेगा। उक्त संबंध जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक रंजीत कुमार चौधरी संभागीय उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश अजाक्स संघ, जिला प्रभारी अहिरवार समाज महापरिषद नरसिंहपुर, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ भारत जिला नरसिंहपुर ने बताया गया कि 26 जून को समस्त रविदास समाज का मिलन एवं सम्मान समारोह तथा सामाजिक कुरीतियों के संबंध में चर्चा की जावेगी। कार्यक्रम में के.पी. राही सेवानिवृत्त अपर कमिश्नर, सेठ गोपी चंद अहिरवार, ओ. पी. कौशिक श्याम सिंह चौहान, डॉ कैलाश जाटव अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रहेगी। ‹

### सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में जिला ए श्रेणी में

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में सीएम हेल्पलाइन 181 के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। शासन स्तर से जारी माह मई 2026 की जिला रैंकिंग में नरसिंहपुर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ए श्रेणी के जिलों में अपने समूह के 27 जिलों के बीच शीर्ष-10 में नरसिंहपुर जिले ने स्थान प्राप्त किया है। जारी रैंकिंग के अनुसार नरसिंहपुर जिले को मई माह में कुल 81.75 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए, जिसके आधार पर जिले ने प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

### फांसी पर झूलता मिला वृद्ध



**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मनकापुर नदी किनारे एक वृद्ध व्यक्ति की फांसी पर झूलत हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गांव के किसान खेतों में खरीफ मौसम की फसल बुबाई करने के उद्देश्य से गये हुए थे कि नदी किनारे कोहा के वृक्ष पर एक वृद्ध लटका हुआ दिखाई दिया जिसकी जानकारी तत्काल तेंदूखेड़ा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल ग्रामीणों की सहायता से शव को नीचे उतारा जिसकी हल्के सिंह धानक 64 वर्ष ग्राम बूढ़ा जिला रायसेन के रुप में शिनाख्त की गई। चूंकि शव चार पांच दिन पुराना प्रतीत हो रहा था जो काफी क्षत विक्षत हो चुका था। पंचनामा कर बरमान पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस मामले की सूक्ष्मता से जांच में जुटी हुई है।

### नहीं रहीं विद्या देवी

**तेंदूखेड़ा।** नगर के प्रतिष्ठित विद्वान पंडित नगर पुरोहित सत्यनारायण चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या देवी का गत दिवस असमय दुखद निधन हो गया जिन्हें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।विद्या देवी रविकांत चौबे शशिकांत चौबे तथा सद्गुरु विद्या पीठ के संचालक पं चंद्रकांत चौबे की भावी एवं पं सूर्यकांत चौबे मनीष चौबे की बड़ी मां थीं।

### श्रीमती फूलाबाई छिरा का निधन



**गोटेगांव।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी सी.एल. छिरा की धर्मपत्नी एवं गांधी वार्ड पार्षद दीनू छिरा की पूज्य माता श्रीमती फूलाबाई छिरा का लगभग 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया।बताया गया है कि अस्वस्थता के चलते उपचार के दौरान अचानक हृदय गति रुक जाने से उनका देवलोक गमन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही परिजनों, शुभचिंतकों एवं नगरवासियों में शोक की लहर दौड़ गई।अंतिम यात्रा एवं अंतिम संस्कार में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित जनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## बाल संरक्षण एवं बालिका सशक्तिकरण को लेकर निर्देश

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।





बुधवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा मिशन शक्ति के तहत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रभारी, शासकीय संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड में लंबित एवं प्रचलित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा विधि-विवादित बालकों से संबंधित प्रकरणों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी बाल देखरेख संस्थाओं में किशोर न्याय अधिनियम के तहत गठित निरीक्षण समितियों द्वारा नियमित निरीक्षण, हेल्थ ऑडिट एवं अन्य वैधानिक निरीक्षण निर्धारित समय-सीमा में कराने के निर्देश दिए।

### चाइल्ड हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा

बैठक में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना एवं दत्तक ग्रहण संबंधी प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पॉक्सो अधिनियम के संबंध में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि बच्चों और अभिभावकों को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की जानकारी मिल सके। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को बेहतर समन्वय स्थापित कर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल गृहों में निवासरत ऐसे बच्चों, जिनके आधार कार्ड अभी तक नहीं बन पाए हैं, उनकी सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से आधार कार्ड बनवाए जा सकें। बैठक में जिले में भिक्षावृत्ति करने वाले एवं सड़क पर रहने वाले बच्चों (स्ट्रीट चाइल्ड) की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ ‹ योजना की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिले के बालिका एवं शिशु लिंगानुपात पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जुलाई माह से महिला सशक्त वाहिनी कक्षाओं का संचालन प्रारंभ किया जाए तथा बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। कलेक्टर ने पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि छात्रावासों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्राओं को माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। साथ ही स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं, महाविद्यालयीन विद्यार्थियों एवं विभिन्न समूहों की सहभागिता से नुक्कड़ नाटकों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाई जाए।

### छात्राओं को दिया जाए प्रशिक्षण

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि विद्यालयों में अपराजिता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को जूडो, कराटे, ताइक्वांडो एवं अन्य आत्मरक्षा प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से प्रत्येक विकासखंड में महिला प्रशिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही छात्राओं के लिए आरटीओ के सहयोग से पिंक ड्राइविंग लाइसेंस तैयार कराने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक कैलेंडर एवं जिला कार्ययोजना के अनुसार सभी गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया।

## छात्र-छात्राओं ने हासिल किए 8 स्वर्ण पदक



शीतल सिलावट | आरती पटेल | पूना बाई सेन | आशीष ठाकुर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के 36 वें दीक्षांत समारोह में एम. आई. एम. टी. कॉलेज नरसिंहपुर के 4 छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित करने पर कुल 8 स्वर्ण पदक हासिल किए। ज्ञात हो कि 36 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति महामहिम मंगू भाई पटेल की अध्यक्षता एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, म. प्र. उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के विशिष्ट आतिथ्य एवं कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की उपस्थिति में किया गया। शैक्षणिक सत्र 2021 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एम.एससी. (रसायन शास्त्र) की छात्रा शीतल सिलावट को 1 स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इसी प्रकार शैक्षणिक सत्र 2022 की परीक्षा में छात्रा आरती पटेल को 2 स्वर्ण, छात्रा पूना बाई सेन को 4 स्वर्ण पदक, छात्र आशीष ठाकुर को 1 स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर एम. आई. एम. टी. कॉलेज परिवार एवं शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## बच्चों से भरी स्कूल की वैन पलटी, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस लिंगा घाट टोला के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बताया गया कि बच्चों को लेकर जा रही सगौरिया स्कूल की एक वैन अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में वैन में सवार 4 बच्चे घायल हो गए हैं। दुर्घटना की मुख्य वजह सड़क की बेहद जर्जर और खराब स्थिति को बताया जा रहा है। रोजाना की तरह सुबह भी सगौरिया स्कूल की वैन बच्चों को लेकर स्कूल की तरफ जा रही थी। जैसे ही वाहन लिंगा घाट टोला के समीप पहुंची तो वहां सड़क पर बने गहरे गड्ढों और बदहाल रास्ते के कारण चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित होकर वैन बीच सड़क पर ही पलट गई। वैन पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों द्वारा वैन के शीशे और दरवाजे खोलकर बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में घायल हुए 4 बच्चों को तुरंत निजी वाहनों और एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उपचार जारी है।

## जनकल्याण शिविरों में 1.45 लाख आवेदनों का हुआ निराकरण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत नरसिंहपुर जिले में 12 जून से 17 जून तक आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों ने सेवा, सुशासन और जनसंतुष्टि का नया आयाम स्थापित किया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के नेतृत्व में जिले के सभी 6 जनपद मुख्यालयों एवं 8 नगर पालिका नगर परिषद मुख्यालयों पर आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों की योजनाओं को एक मंच पर लाकर आमजन को लाभान्वित किया गया। शिविरों के दौरान विभागों द्वारा योजनाओं की आकर्षक प्रदर्शनियां लगाई गईं तथा हितग्राहियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही लाभ वितरण भी किया गया। जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। शिविरों में 22 विभागों की 106 योजनाओं के कुल एक लाख 48 हजार 152 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से एक लाख 45 हजार 221 आवेदनों का निराकरण एवं स्वीकृति प्रदान की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नरसिंहपुर जिले ने प्रदेश में चैथा स्थान प्राप्त किया। जिले में शिविरों का संचालन चरणबद्ध तरीके से किया गया। प्रथम दिवस राजस्व, लोक सेवा प्रबंधन, श्रम, नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की योजनाओं पर विशेष फोकस रहा। दूसरे दिन कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, मत्स्य एवं जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं के पंजीयन एवं लाभ वितरण को प्राथमिकता दी गई। वहीं तीसरे दिन सामाजिक न्याय, वित्त, महिला एवं बाल विकास, आजीविका मिशन, चिकित्सा तथा श्रम विभाग से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं। शिविरों के समापन अवसर पर प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने करेली जनपद पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया तथा जनकल्याण अभियान की सराहना की। इस अवधि में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के 2,397 आवेदनों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण भी किया गया, जो प्रशासन की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी विभागों के समन्वित प्रयासों तथा जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के सहयोग को देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनकल्याण शिविरों के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराकर सुशासन के उद्देश्य को प्रभावी रूप से साकार किया गया है।

## सेफ क्लिक अभियान का शुभारंभ, एस पी ने दिखाई रथ को हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर‹

गत दिवस साइबर अपराधों को रोकने हेतु सेफ क्लिक 2.0 अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने जागरूकता रथ को हरी दिखा कर रवाना किया गया। प्रदेशव्यापी सेफ क्लिक-2.0 अभियान संचालित किया जा रहा है। साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला नरसिंहपुर में अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना। साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, यूपीआई फ्रॉड, फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी एवं सोशल मीडिया अपराधों से बचाव संबंधी जानकारी प्रदान करना। जन-जागरूकता के माध्यम से सुरक्षित एवं जागरूक डिजिटल समाज का निर्माण करना है।

### समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, अभियानों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान एसईएम, एमईएम एवं एसयूएम श्रेणी के बच्चों की स्थिति, पोषण संबंधी गतिविधियों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### जिला चिकित्सालय में मरीजों से मिलने के लिए लगेगा गेटपास

**नरसिंहपुर।** जिला चिकित्सालय के कायाकल्प, एनक्यूएएस, लक्ष्य मुस्कान एवं इंफेक्शन प्रवेंशन के गुणवत्ता मानकों के अनुरुप भर्ती मरीजों से मिलने के लिए नई व्यवस्था का संचालन 29 जून 2026 सोमवार से किया जाएगा। अब जिला चिकित्सालय में भर्ती प्रत्येक मरीज के परिजनों को एक गेटपास दिया जावेगा। उस गेट पास का उपयोग कर परिजन संबंधित मरीज से मिल सकते हैं। अब चिकित्सालय नरसिंहपुर में मरीज से मिलने का समय प्रात 11 बजे से दोपहर एक बजे तक एवं शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक रहेगा।



## जर्जर कच्चे मकानों में रहने को मजबूर महिलाएं, पीएम आवास की मांग

**गोटेगांव।** जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत रीछा अंतर्गत ग्राम केवलारी की महिलाओं ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन सौंपकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।महिलाओं ने बताया कि वे अत्यंत गरीब परिवारों से हैं और वर्तमान में मिट्टी व फूस से बने जर्जर कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। मकानों की हालत इतनी खराब है कि कभी भी हादसा हो सकता है।आवेदन में महिलाओं ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार सरपंच और सचिव से आवास स्वीकृत कराने की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कलेक्टर से शीघ्र प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाकर सुरक्षित पक्के मकान उपलब्ध कराने की मांग की है।

## अवैध खनन पर टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई, 60 लाख की रेत जब्त

नरसिंहपुर।



कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के सहयोग से जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई की है।संयुक्त टीम ने गोटेगांव तहसील के खैरी क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से भंडारित लगभग 7000 घनमीटर रेत जब्त की। वहीं ग्राम साकल में अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे बिना नंबर के एक ट्रैक्टर को भी जब्त कर थाना ठेमी की अभिरक्षा में रखा गया है।प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जब्त रेत की सरकारी कीमत करीब 9 लाख रुपये है, जबकि बाजार और ठेका दरों के आधार पर इसकी कीमत लगभग 60 लाख रुपये आंकी गई है। अधिकारियों ने बताया कि जिलेभर में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।